मेरे बाबा तेरा शुकिया

मेरे बाबा तेरा शुकिया, तुने जीवन में सब कुछ दिया,
शुकिया शुकिया शुकिया, तुने जीवन में सब कुछ दिया॥

तूने भाग्य को मेरे संवारा, आई मुशकिल तो दिया सहारा,
हाथ सर पे मेरे रख दिया, शुकिया शुकिया शुकिया,
मेरे बाबा तेरा शुकिया, तुने जीवन में सब कुछ दिया॥

मान इज्ज़त है तूने बढ़ाई, तेरी कृपा से भगती है पाई,
मेरा खुशियों से घर भर दिया, शुकिया शुकिया शुकिया,
मेरे बाबा तेरा शुकिया, तुने जीवन में सब कुछ दिया॥

मेरे पर्दा गुनाहों पे डाला, तूने गिरते हुए को संभाला,
प्यार जीवन में अब भर दिया, शुकिया शुकिया शुकिया,
मेरे बाबा तेरा शुकिया, तुने जीवन में सब कुछ दिया॥

दीन दुखीयों की विपदा तू टाले, नैया मझदार से तू निकाले,
डूबतों को किनारा दिया, शुकिया शुकिया शुकिया,
मेरे बाबा तेरा शुकिया, तुने जीवन में सब कुछ दिया॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24349/title/mere-baba-tera-shukriya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |